मंगलवार
03 अक्टूबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


दरभंगा में अनियंत्रित वाहन ने सात युवकों को रौंदा, दो की मौत
2



## गांधी जयंती के अवसर पर बिहार सरकार ने जारी की प्रदेश में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट

# बिहार में 81.99% हिन्दू, 17.7% मुस्लिम आबादी

- अति पिछड़ा वर्ग की आबादी 36 फीसदी, पिछड़े वर्ग की आबादी 27.12 प्रतिशत है
- कुल 214 जातियों के जारी किए गए हैं आंकड़े

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में जाति आधारित गणना की रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इस गणना के मुताबिक बिहार में हिंदुओं की सर्वाधिक आबादी है। ये आबादी 81.99 फीसदी है। वहीं अति पिछड़ा वर्ग की आबादी 36.01 फीसदी, पिछड़े वर्ग की आबादी 27.12 प्रतिशत, एससी-19.65 फीसदी, एसटी- 1.6 प्रतिशत और मुसहर की आबादी 3 फीसदी बताई गई है। इस रिपोर्ट का सियासी गलियारे के साथ आम लोगों को भी बेसब्री से इंतजार था। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले इस रिपोर्ट को नीतीश सरकार का सबसे बड़ा दांव माना जा रहा है। बिहार सरकार की जाति आधारित गणना की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की कुल आबादी तेरह करोड़ से ज्यादा यानी 13,07,25,310 है। कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2,83,44,107 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या छह करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख है। राज्य में प्रति 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

सोमवार को बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर आंकड़ों की पुस्तिका जारी की। बिहार सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है। 214 जातियों को अलावा 215वें नंबर पर अन्य जातियों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है। आबादी के हिसाब से अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36.01 फीसदी है जिसकी संख्या 4,70,80,514 है। वहीं पिछड़ा वर्ग 27.12 फीसदी है जिनकी तादाद 3,54,63,936 है। जबकि अनुसूचित जाति के 19.65% हैं, इनकी आबादी 2,56,89,820 है। वहीं अनुसूचित जनजाति की आबादी 21,99,361 है जो कि कुल आबादी का 1.6824% है। अनारक्षित यानी जनरल कास्ट, जिसे सवर्ण भी कह सकते हैं, की आबादी 2 करोड़ 02 लाख 91 हजार 679 है, ये बिहार की कुल आबादी का 15.5224 प्रतिशत है।

### 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है राज्य की कुल आबादी



- कुल आबादी में पुरुषों की संख्या छह करोड़ 41 लाख और महिलाओं की संख्या छह करोड़ 11 लाख है। राज्य में प्रति 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं
- राज्य में सवर्णों की कुल आबादी 2 करोड़ 02 लाख 91 हजार 679 है

### दो फेज में पूरी हुई थी जाति आधारित गणना

बिहार में जाति आधारित जनगणना का पहला चरण 7 जनवरी से शुरू हुआ था। इस चरण में मकानों को गिना गया। यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा हुआ। 15 अप्रैल से दूसरे चरण की गणना शुरू हुई। इसमें परिवारों की संख्या, उनके रहन-सहन, आय समेत अन्य जानकारियां जुटाई गईं।

### ऐसे समझें किस वर्ग की कितनी है आबादी

- सामान्य वर्ग - 15.52%
- पिछड़ा वर्ग- 27.12%
- ओबीसी - 36.1%
- एससी- 19.65%
- एसटी - 1.68%

### जाति के अनुसार किसकी कितनी है आबादी

- यादव - 14.26%
- रविदास- 5.25%
- दुसाध-5.31%
- कोइरी- 4.21%
- ब्राह्मण- 3.67%
- राजपूत- 3.45%
- मुसहर- 3.08%
- भूमिहार- 2.89%
- कुरमी- 2.87%
- तेली- 2.81%
- बनिया-2.31%
- कानू-2.21%
- चंद्रवंशी-1.64%
- कुम्हार-1.40%
- सोनार-0.68%
- कायस्थ - 0.60%

### 1 जून 2022 को पास हुआ था गणना का प्रस्ताव

बिहार में 81.99 प्रतिशत यानी लगभग 82% हिंदू हैं। इस्लाम धर्म के मानने वालों की संख्या 17.7% है। शेष ईसाई सिख बौद्ध जैन या अन्य धर्म मानने वालों की संख्या 1% से भी कम हैं। राज्य के 2146 लोगों ने अपना कोई धर्म नहीं बताया। बिहार में जब भारतीय जनता पार्टी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी सरकार में थी, तभी बिहार विधानसभा और विधान परिषद ने राज्य में जाति आधारित गणना कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। कोरोना की स्थिति संभालने के बाद 1 जून 2022 को सर्वदलिय बैठक में जाति आधारित गणना को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### आबादी के आधार पर सभी वर्गों के विकास व उत्थान के लिए की जाएगी अग्रेतर कार्रवाई : नीतीश कुमार

गांधी जंयती के मौके पर जाति आधारित आंकड़े जारी करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी और 2 जून 2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को लेकर शीघ्र ही बिहार विधानसभा के उन्हीं 9 दलों की बैठक बुलाई जाएगी तथा जाति आधारित गणना के परिणामों से उन्हें अवगत कराया जाएगा।

### संख्या के अनुसार तय हो हिस्सेदारी: लालू प्रसाद

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने भी जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी होने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज गांधी जयंती पर इस ऐतिहासिक क्षण के हम सब साक्षी बने हैं। भाजपा की अनेकों साजिशों, कानूनी अड़चनों और तमाम षड्यंत्र के बावजूद आज बिहार सरकार ने जाति आधारित सर्वे को रिलीज किया। यह आंकडे वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने एवं हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे। सरकार को अब सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो। हमारा शुरू से मानना रहा है कि राज्य के संसाधनों पर न्यायसंगत अधिकार सभी वर्गों का हो। केंद्र में 2024 में जब हमारी सरकार बनेगी तब पूरे देश में जातिगत जनगणना करवायेंगे और दलित, मुस्लिम, पिछड़ा और अति पिछड़ा विरोधी भाजपा को सत्ता से बेदखल करेंगे।

### बिहार ने देश के समक्ष एक नजीर पेश की है: तेजस्वी

बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि कम समय में जाति आधारित सर्वे के आँकड़े एकत्रित एवं उन्हें प्रकाशित कर बिहार आज फिर एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। दशकों के संघर्ष ने एक मील का पत्थर हासिल किया। इस सर्वेक्षण ने ना सिर्फ वर्षों से लंबित जातिगत आंकड़े प्रदान किये हैं बल्कि उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति का भी ठोस संदर्भ दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अब सरकार त्वरित गति से वंचित वर्गों के समग्र विकास एवं हिस्सेदारी को इन आंकड़ों के आलोक में सुनिश्चित करेगी। इतिहास गवाह है भाजपा नेतृत्व ने विभिन्न माध्यमों से कितनी तरह इसमें रुकावट डालने की कोशिश की। बिहार ने देश के समक्ष एक नजीर पेश की है और एक लंबी लकीर खींच दी है। सामाजिक और आर्थिक न्याय की मंजिलों के लिए। आज बिहार में हुआ है कल पूरे देश में करवाने की आवाज उठेगी और वो कल बहुत दूर नहीं है।

## जात-पात के नाम पर समाज को बांट रहा विपक्ष: पीएम मोदी

**एजेंसी/ग्वालियर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य के लिए 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, विकास विरोधी लोगों को देश ने छह दशक दिए। अगर 9 साल में इतना काम हो सकता है तो 60 साल में कितना हो सकता था। वो नहीं कर पाए। ये उनकी नाकामी है। वो तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे, आज भी वही खेल खेल रहे हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर समाज को बांटते थे और आज भी वही पाप कर रहे हैं। वो तब भी भ्रष्टाचार में डूबे रहते थे और आज भी घोर भ्रष्टाचारी हो गए हैं।

पीएम मोदी ने ये हमला ऐसे समय में किया है जब सोमवार को ही बिहार सरकार ने जाति को लेकर सर्वे रिपोर्ट जारी की है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के घमंडिया गठबंधन के नेता महिलाओं को लेकर कैसी-कैसी अपमानजनक बातें कर रहे हैं, ये आए दिन हम देख रहे हैं। ये चाहते ही नहीं कि महिलाओं को उनका हक मिले, इसलिए बहाने बना रहे हैं, जाति-धर्म के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं।

पीएम मोदी ने दावा करते हुए कहा, एक साल में कोई भी सरकार उतने लोकार्पण और शिलान्यास का काम नहीं कर सकती, जितना एक दिन में हमारी सरकार ने किया। मध्य प्रदेश का विकास वो लोग नहीं कर सकते, जिनके पास न तो नई सोच है और न ही विकास का रोड मैप है। इनका तो बस एक ही काम है, देश की प्रगति से नफरत करना। अपनी नफरत में ये देश की उपलब्धियों को भी भूल जाते हैं।

## लालू व नीतीश मिलकर लोगों में भ्रम फैला रहे हैं: गिरिराज सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में कास्ट सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बयान सामने आया है। गिरिराज सिंह ने कहा- जातिगत गणना भी हास्यसपद है। इसे पेश करने से पहले लालू- नीतीश ये बताते हैं कि अब तक उन्होंने गरीबो को रोजगार दिया, नौकरी दी.... ये आंख मे धूल झोंकने वाली रिपोर्ट है। गिरिराज सिंह ने गरीबों को बरगलाकर और समाज मे भ्रम फैलाकर कास्ट सर्वे रिपोर्ट पेश की गई है। आज लोग चांद पर जा रहे हैं और नीतीश-लालू जातिगत गणना पेश कर रहे है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि 33 साल की रिपोर्ट कौन देगा? लालू नीतीश दोनों मिलकर भ्रम फैला रहे हैं। कहा, इन्हें तो रिपोर्ट कार्ड देना चाहिए थी। 18 साल नीतीश कुमार और 15 साल लालू यादव ने मिलकर राज किया और गरीबों को क्या उद्धार किया, कितने लोगों को नौकरी दी, कितने लोगों की हालत सुधरी, इसकी रिपोर्ट कार्ड में होनी चाहिए थी।

## कारिको और वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

साल 2023 के नोबेल पुरस्कारों का ऐलान सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का ऐलान किया गया। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की।




नोबेल समिति ने बयान जारी कर कहा था कि कोरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल समिति ने आज विलुप्त होमिनिन और मानव विकास के जीनों से जुड़ी खोजों के लिए स्वांते पैबो को फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र में 2022 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया। स्वांते पैबो ने अपने शोध में पाया था कि विलुप्त होमोनिन जीन होमो सेपियन्स में ट्रांसफर हुए थे। पैबो पैलियोजेनेटिक्स के संस्थापकों में से एक रहे हैं जिन्होंने निएंडरथल जीनोम पर बड़े पैमाने पर काम किया है। वह जर्मनी के लीपजिंग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर इवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी मेंजेनेटिक्स विभाग के निदेशक भी रहे हैं।

## आईएसआईएस का मोस्ट वांटेड आतंकवादी शाहनवाज गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपये का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब, केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी, साथ ही उसने कई जंगलों में भी समय बिताया।




### महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है: मुख्यमंत्री योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सीएम योगी ने शास्त्री चौक स्थित



उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की विधि को देखने, जानकारी लेने, खादी व ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन करने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा



देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता।

### जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। सीएम योगी ने उक्त हिदायतें सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे।

## महात्मा गांधी और शास्त्री जी को नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि

# नई पीढ़ी को बापू के विचारों से अवगत कराना है: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पटना के गांधी संग्रहालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को हम तो बापू ही कहते हैं। उनके द्वारा बताई गई हर बात को न सिर्फ याद रखना है बल्कि ज्यादा से ज्यादा नई पीढ़ी के लोगों को बापू के विचारों से अवगत कराना है और यह काम हमलोग करा भी रहे हैं। बिहार में प्रारंभ से ही हमलोग बापू के विचारों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी संग्रहालय के बगल में ही पांच हजार क्षमता वाले बापू सभागार का निर्माण कराया गया है, देश में इतना बड़ा सभागार कहीं नहीं है। पटना में बापू टावर का भी निर्माण कराया जा रहा है। आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार में बापू के द्वारा वर्ष 1917 में किये गये चंपारण सत्याग्रह के 30 वर्ष के अंदर ही देश को आजादी मिल गयी। हमलोगों ने चंपारण सत्याग्रह के 100 वर्ष पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया। गांधी संग्रहालय पटना के पूर्व सचिव रजी अहमद जी से हमारा पुराना संबंध है। अब इनके सुपुत्र यहां का काम देख रहे हैं। यहाँ आगे भी ठीक ढंग से काम होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखना है। हिन्दू-मुस्लिम सहित अन्य सभी धर्मों के लोग बापू के बताये विचारों को याद रखें, यही हमारा आप सभी से आग्रह है।





भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। पटना के शास्त्रीनगर पार्क में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित स्व लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# दरभंगा में अनियंत्रित वाहन ने सात युवकों को रौंदा, दो की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा जिले के पतोर ओपी क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक करने निकले सात लोगों को अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया। घटना अशोक पेपर मिल से चिकनी सड़क के रमपुरा गांव के निकट की है। जहां सोमवार की अहले सुबह बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में दो लोगो की मौत हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दो युवक ने अपना दम तोड़ दिया। वहीं, एक युवक की स्थिति को नाजुक देख डीएमसीएच रेफर किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए युवक को पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया।

दरअसल, पूरा मामला पतोर ओपी क्षेत्र में अशोक पेपर मिल से चिकनी सड़क के रमपुरा गांव के निकट का है। जहां रमपुरा व आसपास के टोला के सात लोग मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रहे थे। उसी क्रम में पीछे से आ रही बेकाबू एक गाड़ी सात युवको को रौंदते हुए भाग गई, जिसमें दो युवको की मौत हो गई। जबकि पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतकों की पहचान पतोर थाना क्षेत्र रमपुरा निवासी नीतीश मुखिया और सतीश मुखिया के रूप में हुई है। दोनों आपस में भाई बताए जा रहे हैं, जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी युवक सुभाष मुखिया के पुत्र राजू मुखिया की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया है। वहीं, इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया है।



### जांच में जुटी पुलिस, खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

चश्मदीद अब्दुल कादिर ने बताया यह सड़क अशोक पेपर मिल से लेकर चिकनी तक जाती है और यह रोड काफी व्यस्ततम सड़कों में से एक है। अहले सुबह तीन-चार बजे के करीब कुछ बच्चे दौड़ने के लिए आए हुए थे। कारी बाबा चौक से करीब 100 मीटर आगे एक अनियंत्रित गाड़ी आ रही थी जो सभी बच्चों को रौंदते हुए भाग गई। जिससे बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए। दो बच्चे की मौत हो गई है और एक बच्चे को पटना रेफर किया गया है बाकी चार घायल लोगों का निजी अस्पताल में डॉक्टरों की देख-रेख में इलाज चल रहा है। वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही पतोर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गाड़ी के भागने की दिशा में सड़क किनारे लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है।

# नालंदा में बीजेपी के मंडल महामंत्री को बदमाशों ने मारी गोली, घायल

- रहुई थाना क्षेत्र के हवनपुरा गांव के पास हुई घटना
- पत्नी के साथ सुबह में बाइक से गंगा स्नान करने जाने के दौरान हुआ हमला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में सोमवार की सुबह पत्नी के साथ बाइक से गंगा स्नान करने जा रहे बीजेपी के मंडल महामंत्री सोनल सिंह पर बदमाशों ने गोली चला दी। एक गोल लगी है। सोनल सिंह जख्मी हो गए। हालांकि पत्नी को कुछ नहीं हुआ है। यह घटना रहुई थाना इलाके के हवनपुरा गांव के पास हुई है।

जख्मी बीजेपी नेता को पटना रेफर कर दिया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता सदर अस्पताल देखने के लिए पहुंच गए। सूचना के बाद पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची। घटना के संबंध में बीजेपी नेता सोनल सिंह की पत्नी स्वेता सिंह ने बताया कि वे दोनों बाइक से गंगा स्नान करने के लिए बाढ़ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर दो अज्ञात बदमाश आए और उनके ऊपर गोली चलाने लगे।

**गोली क्यों चलाई गई इसकी जानकारी नहीं:** सोनल सिंह की पत्नी स्वेता सिंह ने बताया कि उनके पति को एक गोली लगी है। वह बाल बाल बच गई। गोलियों की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े। बदमाश भाग निकले। स्वेता ने बताया कि बदमाशों का चेहरा नहीं दिखा था। बदमाशों ने गोली क्यों चलाई है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

इस मामले में रहुई थाना प्रभारी नंदन कुमार सिंह ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है। पत्नी से पूछताछ की जा रही है।

# एम्स निर्माण की मांग पर अनशन कर रही भाजपा का मंच टूटा

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में एम्स निर्माण की मांग को लेकर सोमवार से भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर ने अनशन शुरू किया है। अनशन स्थल पर मंच अचानक से टूट गया। इस घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, शोभन बाईपास वाली जमीन पर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन अनशन और महा धरना कार्यक्रम में मंच पर ज्यादा लोगों के होने कारण मंच टूट गया। इस दौरान दरभंगा और मधुबनी के सांसद व विधायक बाल-बाल बच गए। इस दौरान मंच पर बैठे कई भाजपा नेताओं को हल्की चोट लगी है। इससे पहले गोपाल जी ठाकुर ने महाधरना को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार राज्य की जनता को बरगलाने का काम छोड़कर एम्स निर्माण के लिए दो सौ एकड़ जमीन उपलब्ध कराए। मानक के अनुरूप जमीन का समतलीकरण कराकर बिजली-पानी और समुचित सड़क जो एम्स निर्माण के लिए मानक है, उसे पूरा करा कर दे।

# लीक नहीं हुआ है सिपाही भर्ती की परीक्षा का पेपर: एसके सिंघल

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा रविवार को सिपाही भर्ती की परीक्षा ली गई थी। 21,391 पदों के लिए यह परीक्षा हो रही है। अगली परीक्षा सात अक्टूबर को होनी है। पहले दिन की परीक्षा को लेकर पेपर लीक की भी खबर सामने आई थी। सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे भी किए जा रहे थे। इन सबके बीच विभाग का बड़ा बयान सामने आया है. सोमवार की शाम सिपाही भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसके सिंघल ने दावा किया कि पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को आयोजित की गई परीक्षा पूरी तरह से कदाचार मुक्त हुई थी। हालांकि पूरे बिहार में 529 परीक्षा केंद्रों से कदाचार में लिप्त करीब 125 से अधिक अभ्यर्थियों को पटना सहित बिहार के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया गया है।

**परीक्षा केंद्र पर काम नहीं करेगा कोई गैजेट:** पेपर लीक की खबर को लेकर सिपाही भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसके सिंघल ने कहा कि केंद्रीय चयन आयोग ने एक ऐसा डिवाइस तैयार किया है जो परीक्षा सेंटर पर ले जाने वाले तमाम तरह के इलेक्ट्रॉनिक सामान के सिग्नल को ब्लॉक कर देता है। परीक्षा केंद्र में सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह से निष्क्रिय हो जाएंगे।

**कंकड़बाग स्थित कॉलेज से पेपर लीक की खबर:** बता दें केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से ही सिपाही भर्ती परीक्षा ली जा रही है। पटना के कंकड़बाग स्थित द्वारिका कॉलेज से दूसरी पाली में छह अभ्यर्थियों को पकड़ा गया था। इनमें से पांच के पास से जो आंसर मिले वो प्रश्न पत्र में दिए गए सवाल से मैच कर रहे हैं। इसी को लेकर कहा जा रहा है कि पेपर लीक हो गया है। बता दें अनियमितता व कदाचार के संबंध में अब तक इस मामले में 61 प्राथमिकी विभिन्न जिलों में दर्ज की गई है।



# नशे के लिए नहीं मिला पैसा तो पत्नी को गड़ासी से काट कर दी हत्या, तबाह हुई कई जिंदगियां...

**केटी न्यूज/सिमरी**

अहिंसा दिवस पर एक युवक ने घरेलू विवाद में गड़ासी से काट अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। पत्नी की हत्या कर वह खुद भी जहर खा लिया। पुलिस अभिरक्षा में चिंताजनक स्थिति में सदर अस्पताल में उसका इलाज करवाया जा रहा है। इस घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। यह लोमहर्षक घटना सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में सोमवार की सुबह आठ बजे की है।



मिली जानकारी के अनुसार काजीपुर उतर टोला के महेश यादव उर्फ कली यादव के पुत्र छठु यादव का किसी बात पर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। इसी विवाद में उसने अपनी 25 वर्षीय पत्नी ममीता देवी को धारदार हथियार से काट दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही वह खुद भी जहर खा लिया। परिजनों ने स्थानीय पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जबकि छठू को इलाज के लिए पहले सिमरी सीएचसी तथा वहा से अनुमंडलीय अस्पताल तथा अंत में सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां गंभीर अवस्था में उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को चिंताजनक बताया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतका के एक पुत्र तथा एक पुत्री है।

ग्रामीणों के अनुसार आरोपी नशे का आदी था तथा उसे जुए की लत भी थी। इसी कारण अक्सर पत्नी तथा परिजनों से विवाद होता था। जानकारों का कहना है कि वह अपने पिता तथा भाईयों से अलग रहता था। ग्रामीण सूत्र बताते है कि पत्नी उसे अक्सर नशा तथा जुआ की लत छोड़ने के लिए टोकते रहती थी। जिससे पति पत्नी में अक्सर विवाद होते रहता था। बताया जा रहा है कि वह सोमवार को सुबह में अपनी पत्नी से पैसे मांग रहा था। इसी बात पर शुरू हुए विवाद में वह अपना आपा खो बैठा तथा घर में रखे गडांसी से अपनी पत्नी के सर पर वार करने लगा। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। खून से लथपथ उसकी पत्नी आंगन में ही निढाल पड़ गई थी। इधर उसने खुद भी जहर खा लिया। परिवार वाले जबतक माजरा समझते तथा बीच बचाव करने आते तबतक देर हो चुकी थी। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में मातमी सन्नाटा पसर गया है। वही पुलिस ने मृतका के मायके वालों को इस घटना की जानकारी दी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस मायके वालों के आने का इंतजार कर रही है।

"आरोपी को हिरासत में लेकर इलाज करवाया जा रहा है। मृतका के मायके वालों को बुलवाया गया है। अभी तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है। आरोपी नशे का आदी है। मामले की जांच की जा रही है।

– **अमन कुमार, थानाध्यक्ष, सिमरी**

### अब मां के प्यार को तरसेंगे ये मासूम...



नशे के आदि हो चुके सनकी छठु यादव ने अपनी पत्नि ममीता देवी की हत्या तो कर दी और खुद जीवन और मौत के बीच झुल रहा है। ऐसे में दोनों के बच्चे मारे मारे फिर रहे हैं। बड़ा बेटा आदित्य और छोटी बेटी अपनी मां और पिता को आवाज लगाकर रो रहे हैं। उन्हें नहीं मालूम अब उनकी मां कभी नहीं आएगी और पिता का भी कोई भरोसा नहीं है। लेकिन यह तो तय है कि दोनों मासूम अब मां के लिए पूरी उम्र तरसेंगे।

## खबरें फटाफट

### प्रमंडलीय आयुक्त से स्थापना डीपीओ को मिली राहत

**बक्सर।** श्रीत्रिदंडी देव अराजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय के बर्खास्त शिक्षकों के पूर्व के कार्यअवधि के वेतन भुगतान मामले में स्थापना डीपीओ शारिक अशरफ का प्रमंडलीय आयुक्त पटना प्रमंडल सह प्रथम अपीलय प्राधिकार से राहत मिली है। प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने उनके खिलाफ दायर वाद को समाप्त करते हुए यह टिप्पणी की है कि चुकी उक्त विद्यालय अनुदानित विद्यालयों की सूची में है तथा संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सचिव निर्देश पर उन्होंने वेतन भुगतान किया था। बता दें कि इसके पहले बक्सर डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी भी स्थापना उप समहर्ता को पत्र दे डीपीओ द्वारा बर्खास्त शिक्षकों के वेतन भुगतान को जायज ठहराया था। गौरतलब है कि अराजकीय श्री त्रिदंडी देव संस्कृत उच्च विद्यालय के बर्खास्त शिक्षकों तथा एक लिपिक के वेतन भुगतान करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इस मामले में डीपीओ स्थापना के खिलाफ जिला लोक शिकायत पदाधिकारी के पास अपील दायर किया गया था।

### पुलिस पदाधिकारियों का हुआ तबादला

**बक्सर।** एसपी मनीष कुमार ने एक बार फिर से पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। वहीं, पहली बार ब्रह्मपुर सर्किल क्षेत्र को दो भागों में बांटा गया है तथा सिमरी तथा उसके अंतर्गत आने वाले तिलक राय के हाता व रामदास राय के डेरा ओपी थानो के सर्किल इंचार्ज के तौर पर डीआईयू के सुबोध कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। वे मुख्य रूप से इन थाना क्षेत्रों के लंबित कांडों का निष्पादन करेंगे। डुमरांव के पूर्व थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम को बक्सर पुलिस केन्द्र, जबकि चुनमुनी कुमारी को महिला थाना से वासुदेवा ओपी प्रभारी, मुकेश कुमार-1 को नगर थाने से नया भोजपुर ओपी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावे फिरोज आलम को नैनीजोर का थानाध्यक्ष, अमरेश कुमार को मुरार का अपर थानाध्यक्ष, संजय विकास त्रिपाठी को बक्सर नगर थाने का अपर थानाध्यक्ष, हरेश कुमार को मुफस्सिल थाने का अपर थानाध्यक्षद्वझ तथा सुजाता कुमारी को महिला थाने का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी ने विधि व्यवस्था संधारण तथा लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन के लिए यह तबादला किया है।

## बक्सर जिले में दो अक्टूबर को समारोह पूर्वक मनाई गई राष्ट्रपिता व शास्त्री जी की जयंती

# गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के योगदानों का ऋणी है पूरा देश : डीएम



गांधी जयंती के अवसर पर सदर प्रखंड के कमरपुर में लोगों को स्वच्छता की जानकारी देते बक्सर डीएम व अन्य।

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिले भर में समरोह आयोजित कर देश के दोनों विभूतियों को नमन किया गया तथा उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। खासकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, परोपकार, सत्याग्रह तथा स्वच्छता के संदेश को आत्मसात करने को आज की जरूर बताया गया। जिले का मुख्य समारोह कवलदह पोखर परिसर में मनाया गया। जहां डीएम अंशुल अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही वहा उपस्थित पदाधिकारियों एवं आम जनों के द्वारा राष्ट्रपिता को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। सभाकक्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डीएम ने राष्ट्रपिता व स्व० लाल बहादुर शास्त्री के बताये गये मार्ग सत्य, अहिंसा, न्याय एवं स्वच्छता की राह पर चलने के लिए जिलावासियों को संदेश एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके आदर्शों का अनुपालन कर समाज में समरसता एवं भाई चारा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का पूरा देश ऋणी है। हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आस पास साफ सफाई एवं स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। बता दें कि इस बार कचरा मुक्त भारत के थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। जिसका समापन भी आज किया गया। डीएम ने स्वच्छता पखवाड़ा में बेहतर काम करने वाले प्रत्येक प्रखंड से चयनित स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को समान्नित किया। जबकि जिले के विभिन्न पंचायतों में 10 अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की शुरूआत की गई।

### नगर परिषद ने सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**डुमरांव।** नगर परिषद के सभागार में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के जयंती पर सफाई मित्रों के सम्मान में एक समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने अपने संबोधन में कहा कि डुमरांव को स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का अहम योगदान हैं। हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांत से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस तरह शहरवासी अपने घरों की साफ-सफाई कर स्वच्छ रखते है उसी तरह शहर को भी स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत के बदौलत ही हम स्वच्छ सांसे लेते है। उन्होंने शहरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की। आगत अतिथियों ने महापुरुषों के तैल्य चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक विमल कुमार सिंह ने किया। एसडीएम ने सफाई मित्रों के साथ नप के ब्रांड एंबेसडर अनुराग मिश्र व मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सफाई कार्य से जुड़े करीब 230 सफाई मित्रों को अंग वस्त्र और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

#### कई अन्य संगठनों ने भी चलाया जागरूकता अभियान

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सदस्यों ने डा संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में छठिया पोखरा पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। मौके पर चंदन कुमार, संजय कुमार सिंह, विमलेश कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे। **वहीं, रेल यात्री कल्याण समिति** ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारे के साथ डुमरांव स्टेशन पर स्वच्छता सह जागरूकता अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में समिति के वरीय सदस्य शक्ति राय, जितेंद्र दुबे, दीपक यादव, अभिनंदन मिश्रा, चुनमुन वर्मा, सुजीत सिंह व अन्य मौजूद रहे।

#### गांधी जयंती पर स्कूल में किया गया पौधरोपण

डुमरांव के चर्चित राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में भी गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री के जीवन व उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए देश को आजाद कराने में दोनों महापुरूषों के योगदानों को महत्वपूर्ण बताया।

### विविध कार्यक्रमों की झलकियां...



डुमरांव नप में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करते अधिकारी व अन्य।



पुराना भोजपुर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाते लोग।



राइजिंग सन इंटरनेशन स्कूल में पौधरोपण करते निदेशक, बच्चे व अन्य।



कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित करते जिलाधिकारी, एडीएम व अन्य।

## एक नजर

### चोरी की बढ़ती वारदात ने उड़ाई लोगों की नींद

**केसठ।** स्थानीय गांव में आए दिन चोरी की घटनाएं लगातार घटित हो रही है। दिनदहाड़े घरों के ताले टूट रहे है। वही चोर मंदिरों स्कूलों तक को नहीं छोड़ रहे है। जिससे लोगों में चारों का खौफ बना हुआ है। वही लोग यह कहते सुने जा रहे है कि चोरों में अब पुलिस का भय नहीं रह गया है। मिली जानकारी के अनुसार केसठ मनसा टोला व आसपास के मोहल्लों में बीते 10 दिनों में लगभग 10 से अधिक घरों में चोरी की घटना हो चुकी है। सोमवार को मंशा टोला निवासी स्वर्गीय जगू पांडेय की पत्नी सूर्य मान कुंवर के घर में अज्ञात लोगों ने दिनदहाड़े घर में घुस कर लाखों रुपए का चोरी कर लिया है। सूर्यमान कुंवर ने कहा कि सोमवार को वह अपने घर के दरवाजा का ताला बंद करके बाहर जीविका की एक बैठक में गई थी। इसी बीच अज्ञात चोरों ने दिन में ही उनके घर घुसकर बक्से में रखे गहने और नकद रुपए लेकर फरार हो गये। लौटने पर पाया कि बक्से से गहने, नकद रुपए समेत अन्य सामान गायब है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर घर के छत के सहारे से घर में घुसकर सारा सामान लेकर फरार हो गये है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान को दी। मुखिया ने इसकी सूचना नावानगर पुलिस को दिया। चोरों के भय से उनका दिन का चैन व रात की नींद गायब हो गई है।




### पंचायत के विकास के लिए हुई बैठक

**केसठ।** प्रखंड स्थित पंचायत सरकार भवन के परिसर में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को विशेष बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान ने किया। बैठक की शुरूआत महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से कार्ययोजना तैयार की गईं। मुखिया ने कहा कि जीपीडीपी के नाम से तैयार किए जाने के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और संबधित प्लान के आधार पर सरकार की ओर से पंचायत के समग्र विकास के लिए धनराशि दी जाएगी। ग्रामसभा की बैठकों में सरकार के तहत निर्धारित किए गए विभिन्न विषयों पर विस्तार चर्चा की गई। इसके बाद कार्ययोजना तैयार की गई। ग्राम पंचायत की ओर से अपने पंचायत के सभी वर्गों के समग्र विकास का प्लान तैयार कर अपलोड किया जाएगा। ग्राम पंचायत को लाभ पहुंचाने वाले कार्य, सामाजिक विषयों से संबधित गतिविधियों को स्वच्छता, नली गली निर्माण, जल आपूर्ति, मनरेगा योजना जैसी बुनियादी सुविधाओं पर जोर दिया जाएगा। मौके पर पंचायत सचिव अभय कुमार,जितेंद्र प्रसाद, गुड्डू सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद, सोनू कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### भारी वाहनों का परिचालन रोकने की लगाई गुहार

डुमरांव। अनुमंडल मुख्यायल से सटे अरैला के ग्रामीणों ने डीएम अंशुल अग्रवाल को लिखित आवेदन में उनके गांव के पास डुमरांव राजवाहा मार्ग से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है। डीएम को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि खलवा ईनार से उनके गांव के बीच तक जाने वाली सड़क के मध्य में डुमरांव राजवाहा है। जिस पर एक छोटी पुलिया भी बनी है जो छोटे वाहनों या हल्के भार क्षमता वाले वाहनों के उपयुक्त है। लेकिन इन दिनों हरियाणा फार्म परिसर में चल रहे किसी निर्माण कार्य के कार्य एजेंसी द्वारा इसी रास्ते से ट्रक तथा डंफर जैसे बड़े मालवाहक वाहनों को ले जाया जा रहा है। जिससे पुलिया तथा सड़क दोनों क्षतिग्रस्त हो गए है। जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया है कि भारी वाहनों के गुजरने से पुलिया पर गड्ढें उभर आए है। जिससे सर्दी के मौसम में कुहासा पड़ने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी। आवेदन में बताया गया है कि इसी मार्ग से अरैला के साथ ही बंझू डेरा, अंबिका सिंह के डेरा, नोनिया डेरा तथा अमसारी के ग्रामीणों का आवागमन भी होता है। ग्रामीणों ने तत्काल इस मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में मनोज कुमार राय, उमेश कुमार राय, ढुनमुन राय समेत कई अन्य ग्रामीण शामिल रहे।



## शहीद जवानों व अधिकारियों को दी गयी श्रद्धांजलि, बोले परम फाउंडेशन के संरक्षक

# जो परिवर्तन आप देखना चाहते हैं, उसका आरंभ खुद से करें

**केटी न्यूज/बक्सर**

जम्मू काश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग में हाल के दिनों में आतंकवादियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर अशोक घोचक, डीएसपी हिमायु भट्ट के प्रति संवेदना व्यक्त कराने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। यह आयोजन परम फाउंडेशन के तत्वावधान में आईपीएस आनन्द मिश्र के पहल पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने साईकिल मार्च निकाला। जो किला मैदान से शहीद भगत सिंह पार्क तक आयोजित हुआ। वही शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।



### शहादत हर किसी को नसीब नहीं होती...

मौके पर परम फाउंडेशन के संरक्षक आनन्द मिश्र ने कहा कि शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी कोई भी काम करने से पहले खुद से पूछे कि क्या ये जनहित और राष्ट्रहित में है। उन्होंने महात्मा गांधी की वो बात हमेशा मन और कर्म में रखने को कहा जो परिवर्तन आप देखना चाहते हैं, उसका आरंभ खुद से करें।

उनका मानना है कि हमारे शहीदों ने कुछ यूं कर दिया कि मेरे सीने में नहीं, तो तेरे सीने में सही, हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिये। साथ ही संदेश दिया कि वो हर शहीद के परिजनों के साथ हमेशा उनका बेटा एवं भाई बनकर आजीवन साथ देते रहेंगे। उन्होंने काश्मीर में शहीद जवानों के परिवार के प्रति हमदर्दी दिखाया और कहा कि शहादत हर किसी को नसीब नहीं होती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से शहीदों के परिवार को सम्मान करने की अपील की और कहा कि उनके त्याग व बलिदान के बदौलत ही आज हम अपने घरों में चैन की नींद सो पाते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूबेदार सी एस सिंह, राजेश चौबे, सुशील उपाध्याय, विनय उपाध्याय, पुनीत सिंह, बीरेन्द्र ओझा, विनय मिश्रा, राहुल शर्मा, अंशुमन मिश्रा, खुशबु कुमारी और ज्योति कुमारी जी ने अपने कई सौ युवा साथियों के साथ पूरे कार्यक्रम में जोश के साथ हिस्सा लिया।



# ट्रक चालक से लूट मामले का तीसरा अपराधी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

- रोहतास के ट्रक चालक से की गई थी लूट, पूर्व में पकड़े गए हैं दो बदमाश
- चौरी थाना क्षेत्र के महावीर गंज मोड़ के पास पकड़ा गया गिरोह का तीसरा सदस्य



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चौरी थाने की पुलिस ने बीते मार्च माह में रोहतास के ट्रक चालक से लूट मामले में शामिल फरार तीसरे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। वह चौरी थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी धनजी कुमार उर्फ मंगनी है। पुलिस ने उसे रविवार की रात महावीर गंज मोड़ से गिरफ्तार किया। मामले में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस बयान जारी किया।

जिसमें एसपी ने बताया कि 30 मार्च, 2023 की अहले सुबह चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी मोड़ के पास बोलेरो सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर सीमेंट लेकर अरवल जा रहे ट्रक चालक से पैसे और मोबाइल की लूट की थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि दो बदमाश भाग निकला था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटे गए पैसे, मोबाइल और गोली बरामद की गयी थी। जिसके बाद से ही पुलिस फरार चल रहे दो अपराधियों की धरपकड़ में जुटी थी। इस बीच रविवार की रात सूचना मिली कि लूटपाट में शामिल तीसरा अपराधी धनजी कुमार उर्फ मंगनी महावीर गंज मोड़ के पास घूम रहा है। उस आधार पर थानाध्यक्ष कुमार रजनी कांत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल चौथे अपराधी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सड़क पर लोहे के कील फेंक टायर किया था पंक्चर

एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह पता चला कि ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले गिरोह के अपराधी अंधारी के पास सड़क पर लोहे की कील फेंक पहले टायर पंक्चर करते थे। उसके बाद हथियार का भय दिखाकर चालकों से लूटपाट करते थे। घटना के बाद मौके से पकड़े गए अपराधियों के पास से लोहे के पतर और कील भी बरामद की गयी थी। जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के वर्ना गांव निवासी देवेंद्र कुमार डालमिया से ट्रक पर सीमेंट लेकर अरवल के किंजर जा रहा था। उसी दौरान चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी मोड़ के समीप उनके ट्रक का टायर पंक्चर हो गया। उसके बाद वह उतर कर टायर देखा रहा था। तभी एक बोलेरो पर सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनसे दो हजार रुपए और दो मोबाइल लूट लिया था।

## एक नजर

### बापू व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने का जिलाधिकारी ने किया आह्वान



**जहानाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं एसपी दीपक रंजन सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने गांधी मैदान के निकट अवस्थित गांधी पार्क में बापू की मूर्ति एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी के नैतिक विचारों का उल्लेख करते हुए साध्य और साधन की पवित्रता का समाज के लिए वंदनीय होने पर बल दिया। साथ ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के अवसर पर उनको याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए नारे जय जवान जय किसान की प्रासंगिकता को समझाते हुए सीमा पर कार्यरत जवानों एवं खेतों में सभी के लिए अनाज उपजाने वाले किसानों के दृढ़ संकल्प, कर्मठता एवं मेहनत को नमन किया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने राष्ट्रपिता एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए उनके बताए आदर्श सत्य और अहिंसा के स्तंभों पर युवा पीढ़ी को खड़े रहने तथा आत्मसात करने का अपील किया गया। इस अवसर पर जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने भी माल्यार्पण किया गया। उर्दू मध्य विद्यालय मल्लहचक के विद्यार्थियों ने विद्यालय से लेकर गांधी मैदान तक रैली का आयोजन किया गया।

### स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे बापू: महेंद्र

**जहानाबाद।** जदयू जिला कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे, जिन्होंने आजादी की जंग में भारतीयों को एक किया और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम योगदान दिया। भारत में प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद वह इंग्लैंड गए, लेकिन बाद में स्वदेश वापस लौट आए। बाद में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की और वहां अप्रवासी अधिकारों की रक्षा के लिए सत्याग्रह किया। महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी कैसे देश के राष्ट्रपिता बन गए और हर भारतीय क्यों उन्हें बापू कहने लगा। स्वतंत्रता के लिए गांधी जी ने कई आंदोलन किए।

## राज्य स्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में लिया एमडीए का जायजा

# छूटे हुए लाभुकों के लिए चलेगा मॉप अप राउंड, दी जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

- राज्य सलाहकार ने साफ-सफाई को बापू के लेकर विचार व फाइलेरिया उन्मूलन में इसके महत्व से कराया अवगत



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आगामी छह अक्टूबर तक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाना है। इस क्रम में अभियान के संचालन का जायजा लेने के लिए राज्य स्तरीय टीम ने जिले के डुमरांव, धरहरा और बक्सर के शहरी का भ्रमण किया। राज्य स्तरीय टीम में राज्य सलाहकार फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत, राज्य कार्यालय से राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार व पीसीआई इंडिया के सहायक राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेश कुमार शामिल थे। टीम के सदस्यों ने एमडीए अभियान की गहनता से अनुश्रवण व जांच की। इस दौरान पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग, फ्रंट लाइन वर्कर्स व सहयोगी संस्थानों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। जिले में एमडीए को लेकर लोगों में जागरूकता व उत्साह देख प्रसन्नता जाहिर की। निरीक्षण के क्रम में राज्य फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि छह अक्टूबर के बाद अभियान में छूटे हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराने के लिए सात दिवसीय मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। साथ ही, जिले में दवा के प्रभाव को जानने के लिए पोस्ट एमडीए असेसमेंट भी कराया जाएगा। इसके अलावा जिले को प्रतिदिन माइक्रो प्लान के आधार पर जिन क्षेत्रों का भ्रमण करना था और यदि वह छूट गया है तो इसकी भी सूचना जिला को राज्य द्वारा प्रदान किया जा रहा है और सम्पूर्ण जिले को दवा खिलाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

**गांधी जयंती पर साफ-सफाई रखने का दिया संदेश :** लाभुकों से वार्ता करने के दौरान राज्य कार्यालय से राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर पूरे देश में सफाई अभियान चलाया गया। साफ-सफाई का यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता गांधी जी के 18 रचनात्मक कार्यों में से एक है। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में भी लोगों को साफ-सफाई पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की तरह ही कई गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से ही फैलते हैं। ऐसे में घरों के आसपास साफ-सफाई रखना और जलजमाव न होने देना बेहद जरूरी हो जाता है। जिससे मच्छरों को पनपने का माकूल माहौल नहीं मिल पाता है। वहीं, डॉ रावत ने कहा कि स्वास्थ और स्वच्छता एक दूसरे के पूरक हैं। अतः हमें उत्तम स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता को अपनाना पड़ेगा। इस क्रम में लोगों ने प्रण किया कि वे अपने आस पास में साफ सफाई का ध्यान देंगें।

### छुटे हुए लाभुकों का नाम भी करें संधारित

पीसीआई संस्था के सहायक राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान किसी भी हाल में लाभुकों को दवाओं का सेवन अपने समक्ष कराने को कहा। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर टीम अपने समक्ष ही लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएं। किसी भी सूरत में उन्हें दवा बाद में खाने के लिए न दें। ऐसे में लाभुकों का दवाओं का सेवन करना सुनिश्चित नहीं किया जा सकेगा। जो आगे जाकर चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर सकता है। साथ ही, डोर-टू-डोर भ्रमण के दौरान अपनी डायरी में हरा परिवार के दवाओं का सेवन कर चुके और छूटे हुए लोगों का नाम लिखें। जिससे उन्हें मॉप अप राउंड में सहायता मिलेगी।

## शाम में टहल रही शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के सहियारा मोड़ के समीप रविवार की देर शाम सड़क हादसे में 52 वषीर्या एक शिक्षिका की मौत हो गई। घर के बाहर टहलने के दौरान शिक्षिका को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। हादसे में बाइक सवार को भी गिरा और उसे भी चोट आई, लेकिन वह लोगों के जुटने से पहले ही फरार हो गया। आननफानन में परिजन उन्हें सदर अस्पातल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उनकी जान चली गई। मृतक शिक्षिका सहियारा गांव निवासी विजय प्रसाद की पत्नी उषा देवी थी। वह सहियारा गांव स्थित मध्य विद्यालय में पोस्टेड थीं।

शिक्षिका के देवर उमेश कुमार ने बताया कि उनकी भाभी रोजाना की तरह रविवार की शाम टहलने निकली थी। तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनको ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि शिक्षिका के पति विजय कुमार प्रसाद गांव में ही जन वितरण प्रणाली चलाते है। उनको दो पुत्री रौशनी, श्वेता और दो पुत्र दिवाकर व अभिषेक है।




## नावानगर से जगदीशपुर आ रहे किशोर की ऑटो से गिरने से मौत

- मोहनिया-आरा एनएच पर धनगाईं थाना क्षेत्र में हुआ हादसा



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के धनगाईं थाना क्षेत्र में आरा-मोहनियां हाईवे पर रविवार की रात चलती ऑटो से गिरकर 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना धनगाईं थाना के समीप की है। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी जान चली गई। मृतक बक्सर के नावानगर थाना क्षेत्र के बाली सोनवर्षा गांव निवासी अनिल सेठ का बेटा संदीप कुमार था। उसके पिता की सोनवर्षा बाजार पर मिठाई की दुकान है।

संदीप के चाचा मुकेश बद्री ने बताया कि रविवार की देर शाम संदीप गांव के छह लड़कों के साथ मेला घूमने के लिए ऑटो से जगदीशपुर आ रहा था। उन्हीं में से एक लड़का ऑटो चला रहा था। धनगाई थाने के समीप संदीप असंतुलित होकर ऑटो से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद ऑटो सवार लड़के उसे इलाज के लिए जगदीशपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद सदर अस्पताल में तैनात पुलिस अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि किशोर अपने दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। हादसे के बाद किशोर के घर में कोहराम मच गया है।

## साइकिल सवार युवक को वाहन ने रौंदा, हुई मौत

**आरा।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव स्थित बंगाल के समीप रविवार की रात आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। साइकिल सवार युवक को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद डाला। जिसके कारण युवक की घटनास्थल पर ही जान वली गई। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी ललन सिंह का बेटा नीतेश कुमार सिंह था।

नितेश के चाचा लाल बहादुर सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी 20 दिनों पहले ही अपने मायके उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव गयी थी। रविवार की रात नीतेश साइकिल से पत्नी से मिलने अपने ससुराल भगवतीपुर गांव के लिए निकला था। उसी दौरान बेलाउर बंगाल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस कर्मी पहुंचे। वहां शव का पंचनामा करने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि युवक अपने दो भाई में बड़ा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गंगा में बहनों के साथ नहाने गयी युवती की मौत, दूसरे दिन मिला शव



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बबुरा गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से 20 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। घटना रविवार की सुबह की है, जिसमें डूबी छात्रा का शव सोमवार की सुबह बरामद किया गया। मृत युवती बबुरा गांव निवासी भूखन पासवान की बेटी पिंकी कुमारी थी। जो स्नातक पार्ट वन की छात्रा थी।

छात्रा के चाचा पंछी कुमार ने बताया कि वह चार चारों बहनें रोज टहलने और स्नान करने के लिए गंगा नदी घाट की ओर जाती थी। रविवार की अहले सुबह चारों टहलने के बाद स्नान करने के लिए गंगा नदी में गई थी। उसी दौरान पिंकी गंगा में डूब गई। कुछ देर बाद तीनों बहनें स्नान करके बाहर निकली, लेकिन पिंकी नहीं दिखी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। उसके बाद स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद पुलिस की पहल पर एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। एसडीआरएफ की टीम रविवार के पूरे दिन गंगा नदी में खोज करती रही, लेकिन शव नहीं मिल सका। सोमवार की अहले सुबह एसडीआरएफ टीम ने शव को बरामद किया। उसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि छात्रा अपने चार बहनों और एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां मानती देवी, बहन ममता कुमारी, बिंदु कुमारी, रिंकी कुमारी और भाई तेजू पासवान है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।




## गांधी जयंती के अवसर पर जनमुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई शांति यात्रा

# लोगों ने नफरत छोड़, दिलों को जोड़ने का लिया संकल्प



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

नवादा स्थित डॉ विनयन आश्रम जनमुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी के नेतृत्व में सोमवार को नफरत छोड़ो दिल को जोड़ो नारे के साथ शांति यात्रा प्रारंभ हुआ। जिसमें गांव दूरदराज से आए हुए हजारों जनमुक्ति आंदोलन के पुरुष, महिला, छात्र, नौजवान व बुजुर्ग साथियों ने भाग लिया।

इस पदयात्रा में आश्रम से हजारों की तादाद में लोग नफरत छोड़ो भारत जोड़ो, धर्मनिरपेक्षता जिंदाबाद, सांप्रदायिक फासीवाद मुदार्बाद, हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में हैं भाई-भाई, डॉ विनयन अमर रहे, महात्मा गांधी अमर रहे गगनभेदी नारों के साथ पूरे जोश के साथ दिखाई दिएं। यात्रा को देखने से ऐसा प्रतित हुआ कि वास्तव में अब गांव के लोग नफरत फैलाने वाली ताकत को रोकने के लिए जाग उठे हैं। चिलचिलाती धूप में जहानाबाद शहर की ओर अपने हाथ में लाल झंडा एवं नारों की तख्ती लिए जिसमें बेरोजगारी हटाओ, महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करो, गैर बराबरी खत्म करो,गरीब भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन दो नारों के साथ निकल पड़े। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है की अब वह दिन दूर नहीं जब समाज में धर्म के नाम पर धर्म की आड़ में राजनीति करने वाले की अब खैर नहीं।

जन मुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत प्रसाद, अनिल कुमार राय, महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, यादव मखदुमपुर प्रखंड के युवा अध्यक्ष शशि दांगी रामगोविंद दास, मुस्ताक अहमद, शमशाद आलम, कायनात स्कूल के संचालक शकील काकबी समेत कई कार्यकर्ता आगे चल रहे थे। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने इनको इस यात्रा में शामिल लोगों को स्वागत किया एवं उनके साथ चल पड़े। जिसका समापन जहानाबाद गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के समीप यात्रा समाप्त की गई। जहां संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन के नेता, कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता, नौजवान साथियों के द्वारा गांधी जी को माल्यार्पण किया गया। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी साथियों ने बारी बारी से भारत में पैर पसार रही नफरत फैलाने वाले तत्वों को रोकने का संकल्प लिया। वक्ताओं पे कहा कि हम सभी जन आंदोलन के साथी गांव-गांव जाकर आपसी सद्भभाव का माहौल बनाएंगे इस कार्यक्रम में धानो देवी हायर एजुकेशन के सचिव डॉ रविकांत कुमार ने भी महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण।



## खबरें फटाफट

### सरयू नदी के छाड़न में उतराया मिला अधेड़ का शव

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के कीतृर्पुर गांव स्थित सरयू नदी के छाड़न में सोमवार की सुबह हरि बिंद (50) का शव मिला। इसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। कीतृर्पुर गांव निवासी हरि बिंद शनिवार को घर से खेत में काम करने गये थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह खेतों में गये लोगों ने नदी के छाड़न में हरि का उतराया शव देख शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। अनुमान है कि शनिवार को आई तेज आंधी पानी के दौरान हरि फिसलकर छाडन में चले गये होंगे तथा डूबने से मौत हो गई होगी। हरि बिंद के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### छेड़खानी के आरोपी की हुई कुटाई, किया पुलिस के हवाले

**बलिया।** गांव की किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में रेवती थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी अक्षय कुमार गोंड के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है। बता दें कि किशोरी ट्यूशन पढ़ने के लिए अपने घर से साइकिल से रानीगंज बाजार जा रही थी कि रास्ते में ही एक युवक उसके साथ छेड़खानी करने लगा। तब तक एक महिला खेत में घास काटने आ गई जिसे देख युवक भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने युवक को पकड़ कर जमकर पीटा और एक कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए युवक को लेकर थाने ले गई। वहीं पीड़िता के भाई की तहरीर पर रेवती पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया।

### जिला न्यायाधीश ने स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली को किया रवाना



**मऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ श्री रामेश्वर द्वारा न्यायालय परिसर में झंडारोहण कर 02 से 08 तक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंर्तगत प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो न्यायालय परिसर से आजमगढ़ तिराहे तक आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु निकाली गयी। उक्त प्रभात फेरी में बच्चों एवं पराविधिक स्वंय सेवकों ने तख्ती,पम्पलेट एवं बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर के उपलक्ष्य में दीवानी न्यायालय के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त कर महात्मा गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री के आर्दशों पर चलते हुए स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने न्यायालय परिसर में झाड़ू लगाकर अपना-अपना श्रमदान किया।

# डॉ. पीएल गुप्ता आईएमए के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**केटी न्यूज/मऊ**



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए) मऊ द्वारा आयोजित जनरल बॉडी मीटिंग में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर पी एल गुप्ता ने कहा की हम आई एम ए मऊ के सभी चिकित्सक गण के हितों की रक्षा के साथ , समय-समय पर चिकित्सा कैंप लगाकर जन सामान्य तथा मऊ की जनता के लिए स्वास्थ्य लाभ तथा स्वास्थ्य बने रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। इसके साथ ही जनपद में आयोजित होने वाले कल्याणकारी कार्यक्रमों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सहभागिता बनी रहेगी।

महासचिव डॉक्टर सी एस साहनी ने बताया की नई कार्यकारिणी मऊ जनपद में आई.एम.ए.भवन निर्माण के साथ-साथ अत्याधुनिक ब्लड बैंक तथा पूर्वांचल में सबसे अच्छी और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास करेगी। आई एम ए मऊ की सत्र 2023 -24 के लिए सर्वसम्मति के साथ निर्विरोध रूप से डॉक्टर पी एल गुप्ता अध्यक्ष चुने गए, जबकि महासचिव डॉ सी एस साहनी , वित्तसचिव डॉ ए के रंजन, उपाध्यक्ष डॉक्टर इकबाल अहमद, डॉ कंचनलता आजाद, चिकित्सा सचिव डॉ ओपी सिंह , संयुक्त सचिव डॉ योगेंद्र यादव निर्वाचित हुए। राज्य आई एम ए प्रतिनिधि डॉ एच एन सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ वसीमउद्दीन जमाली, डॉ मंगला सिंह राष्ट्रीय प्रतिनिधि ,डॉ पवन कुमार गुप्ता, डॉ पवन कुमार मद्धेशिया, डॉक्टर सरफराज अहमद चुने गए।

निर्वाचित प्रतिनिधियों को उन्हें बधाई दी गई।

उल्लेखनीय है कि जाने माने जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर पी एल गुप्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सातवीं बार अध्यक्ष चुने गए हैं।

# विकास भवन में गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर किया ध्वजारोहण

♦ अच्छे कार्य करने वाले ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा विकास भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर विकास भवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ झंडारोहण करने के तत्पश्चात राष्ट्रगान किया गया। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वच्छता की दृष्टिगत 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के मध्य अच्छे कार्य करने वाले पंचायती राज विभाग के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों एवं सामुदायिक शौचायलयों के केयर टेकरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बलिया शहीद चौक में प्रभारी मंत्री ने गांधी जी की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

# स्वच्छता के क्षेत्र में महात्मा गांधी हमारे लिए आइकन: दयाशंकर

**केटी न्यूज/बलिया**



राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, दयाशंकर मिश्र 'दयालु जी' और जिले के लिए नामित नोडल बलकार सिंह व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शहीद चौक स्थित गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और वहां आयोजित सभा को संबोधित भी किया।

प्रभारी मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़ा ही सुखद संयोग है कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को मनाई जाती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। इस देश में प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आज मिसाल के तौर पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस दिन स्वच्छता के लिए वाराणसी में फावड़ा चलाया था, तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि भविष्य में स्वच्छता के क्षेत्र में लोगों के अंदर इतनी जागरूकता आएगी। आज गांव के गरीब लोगों का अपना शौचालय हैं। गांवों में भी साफ सफाई अब दिखती है। रेलवे में और रेलवे स्टेशनों पर साफ सफाई संबंधी कार्य हुए हैं। उन्होंने भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का जिक्र किया।उन्होंने बापू का जिक्र करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जहां रहते थे, वहां वे अपने घर और शौचालय की सफाई खुद से करते थे। स्वच्छता के क्षेत्र में बापू हम लोगों के लिए आइकन हैं। उन्होंने विश्व के नेताओं में मार्टिन लूथर, नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा का जिक्र किया, जो गांधी जी को अपना आदर्श मानते हैं। जिले के लिए नामित मॉडल अधिकारी बलकार सिंह ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी के जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि गांधी जी के विचार उस समय जितने प्रासंगिक थे, उतने वे आज भी हैं। गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। आज अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को शत-शत नमन करते हुए कहा कि जब हम सफाई करेंगे, तभी उसके महत्व को समझ पाएंगे। पूरे देश में गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बापू ने स्वच्छता एवं सत्य और अहिंसा का जो रास्ता दिखाया, उसी पर हम लोग चलने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित ही आज पावन दिन है। उन्होंने कहा कि बापू द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलकर देश आज प्रगति की राह पर निकल पड़ा है। आज गांधी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

### सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका के पांच और पंचायती राज विभाग के पांच सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों का नाम निम्न है- दिनेश रावत, अंशु कुमार रावत, राम जी, राजेश और अवध बिहारी। पंचायती राज के सफाई कर्मियों में जलालुद्दीन धर्मेंद्र कुमार दिनेश कुमार दिनेश ठाकुर और परशुराम सिंह है। लैपटॉप अपने वाले पांच सचिवों के नाम हैं- मृगेंद्र कुमार सिंह, अंशुमान सिंह, मुकेश सिंह, पवन यादव और प्रवीण कुमार गुप्ता।

# आयुष विंग चिकित्सालय का किया लोकार्पण

**जिला अस्पताल**

**केटी न्यूज/बलिया**



प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र जिला अस्पताल में बने आयुष विंग चिकित्सालय का लोकार्पण व अनावरण किया। इस कार्यक्रम में बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने उपस्थिति दर्ज कराई। यहां पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने आयुष अर्थात आयुर्वेद, योगा, नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने मुख्य रूप से होम्योपैथी और आयुर्वेद का जिक्र किया और कहा कि होम्योपैथी के जनक डॉक्टर हेनीमैन है। यह 270 साल पुरानी इलाज की पद्धति है, जो बहुत ही कारगर है। उन्होंने कहा कि विश्व में आयुर्वेद का जनक धनवंतरी को माना जाता है। यह अथर्ववेद का एक उपवेद है, जिसमें सभी प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियों का वर्णन किया गया। सुश्रुत को सर्जरी का जनक माना जाता है। योगा को विश्व स्तर के सभी देशों द्वारा अपनाया गया है।

विधायिका केतकी सिंह ने कहा कि आयुष की चिकित्सा से रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस प्रकार से रोगों के इलाज में समय जरूर लगता है लेकिन वह हमेशा के लिए खत्म भी हो जाता है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि किस प्रकार हम कोरोना से बचाव के लिए काली मिर्च, तुलसी,दालचीनी और गिलोय का काढ़ा बनाकर पीते थे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि जिले में आयुष विंग चिकित्सालय का उद्घाटन आयुष राज्य मंत्री द्वारा किया गया है।




### चोरी की बाइक के साथ आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** पकड़ी थाने की पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ आरोपी को सोमवार की दोपहर इन्दरपुर की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी धनन्जय प्रजापति पुत्र उमेश प्रजापति निवासी सुल्तानपुर का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल मैंने 2019 में फेफना क्षेत्र के कैलानीपुर चट्टी के पास से चुराया था तथा पकड़े जाने के डर से नंबर प्लेट बदलकर चला रहा था। बताया कि एक और मोटर साइकिल मैंने असेगा मेला से पिछले साल चुराया था जो एचएफ डिलक्स है, उस मोटर साइकिल का भी नम्बर प्लेट बदलकर दूसरी मोटर साइकिल का नम्बर प्लेट लगाकर चला रहा हूं। कुछ दिन चलाकर इन सब मोटर साइकिलो को कम दाम में बेच देता हूं । पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां 9 को जिलाधिकारी को सौंपेंगी ज्ञापन



**केटी न्यूज/मऊ**

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सोमवार संध्या मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला गोलवाल टोला स्थित कैंप कार्यालय पर महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करती हुई जिला अध्यक्ष सैल कुमारी सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का खुला उल्लंघन कर आंगनबाड़ी कार्यत्रियों से बूथ लेवल ऑफिसर का कार्य लिया जा रहा है और उन्हें सेवा से पृथक करने की धमकी दी जा रही है जो एक गंभीर प्रकरण है। कर्मचारी संघ ने यह निर्णय किया है कि आगामी 9 अक्टूबर को हम सब आंगनबाड़ी कार्यकत्री का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मऊ के माध्यम से जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे ।जिसको लेकर एक रणनीति की गई बैठक में किताबें निशा इशरत जहां, आशा राय ,आशा यादव, उर्मिला यादव, जयंती देवी आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की पदाधिकारी मौजूद रही।

### सड़क दुर्घटना में घायल नागेश की मौत

**बलिया।** सड़क दुर्घटना में घायल काजीपुर निवासी नागेश चौहान की सोमवार की दोपहर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। आपको बता दे कि बीते 18 अगस्त को नागेश चौहान पुत्र रामाश्रय चौहान उम्र 30 वर्ष व कमलेश चौहान पुत्र दहाई चौहान उम्र 28 वर्ष मोटरसाइकिल से मनियर से वेल्डिंग का सामान लेकर वापस घर काजीपुर आ रहे थे। जैसे मनियर थाना क्षेत्र के निपनिया पहुंचे ही थे कि सिकन्दपुर से मनियर की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिसमें कमलेश चौहान की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि नागेश चौहान गंभीर रुप से घायल हो गया था। नागेश का इलाज आईसीयू में मऊ के अस्पताल में चल रहा था कि अचानक रविवार को उसका तबियत ज्यादा बिगड़ गई इसके बाद परिजन इलाज कराने के लिए लखनऊ लेकर चले गए।

## त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

# माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की तो होगी कड़ी कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**



आगामी नवरात्रि ,दुगार्पूजा, दशहरा के त्यौहार को लेकर नगर पंचायत कुथीर्जाफरपुर पुलिस चौकी के प्रांगण में सोमवार को थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नवरात्रि के अवसर पर नगर क्षेत्र में शांति व सौहार्द कायम करने की अपील की करते हुए शासन द्वारा गाईड लाईन के अनुसार ही मनाये जाने की अपील किया ।प्रशासन ने चेताया की अगर कोई शराव के नशे में माहौल को खराव करने की कोशिश किया उसे कतई बख्सा नही जायेगा ।इस दौरान उपस्थित कस्वे के लोगो ने अलग अलग समस्याओं से सम्बंधित मुद्दा उठाया ।

वैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि इस समय उक्त त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन काफी चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की पैनी नजर है ।उन्होंने आमजन से भी त्योहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया ।कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में खलल डालने वाले शरारती व उपद्रवी तत्वों के मंसूबे कामयाब नहीं होने दिए जाएंगे। छोटी मोटी घटना और अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। यह त्योहार काफी पवित्र है इसे खुशनुम्मा माहौल में शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के तहत ही मनाये । अगर त्यौहार पर किसी भी शरारती तत्वों द्वारा कोई गड़बड़ी फैलाई गई तो प्रशासन किसी कीमत पर नहीं बख्शेगी ।इस दौरान नगर के दोनों समुदायो के लोगो ने नगर को गंगा जमुना की तरह आपसी सौहार्द बनाकर रहने के लिए आश्वस्त किया । नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर पंचायत में मुकम्मल साफ सफाई का सभी को भरोसा दिलाया । पीस कमेटी के बैठक के दौरान विधि चंद वर्मा ,सुनिल कुमार ग्राम प्रधान सरवा ,दीपक कुमार ग्राम प्रधान बसरापुर, उदय राज यादव ग्राम प्रधान धवरियासाथ, जफर अहमद अध्यक्ष कुथीर्जाफरपुर, राशिद कमाल, मनोज कुमार सिंह थाना अध्यक्ष कोपागंज , सुनील कुमार सब इंस्पेक्टर कुथीर्जाफरपुर जाफरपुर,आशीष यादव ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।



## खबरें फटाफट

### 10 गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

चंदौली। राष्ट्रीय पोषण अभियान माह अंतर्गत स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा का आयोजन कलेक्ट्रेट के सभागार में हुआ। इस अभियान का शुभारंभ विधायक रमेश जायसवाल ने किया।जहां विधायक ने विभिन्न विकास खंडों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर चयनित सुपोषित बच्चों को प्रीस्कूल किट्स व उनकी मां का स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा का प्रमाणपत्र दिया।वहीं पोषण कार्यक्रम में 10 गर्भवती का गोद भराई,10 छः माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन व 10 किशोरी बालिकाओं को पोषण पोटली वितरित किया गया।पोषण पुनर्वास केंद्र चकिया से चिकित्सा उपरांत स्वस्थ हुए 8 बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि हम सबका यह प्रथम दायित्व है कि हम अपने बच्चों और उनकी मां के पोषण और पढ़ाई का पूरा ध्यान रखें। सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सभी नागरिकों का भी राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वे अपने अगले बगल के सभी बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य का ख्याल रखें,ताकि सभी बच्चों को पढ़ने का पूरा अधिकार मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर,एडीएम अभय कुमार पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रह्मचारी दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### बापू शास्त्री के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

चंदौली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सोमवार को जनपद के सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों की ओर से धूमधाम के साथ मनाई गई। जहां पर लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर सर्वप्रथम जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूडे कलेक्ट में ध्वजारोहण किया और उसके बाद दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया है।उनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। वही पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंचकर वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया। इस दौरान सीएमओ डॉक्टर युगल किशोर राय सीएमएस डॉक्टर उर्मिला सिंह ने भी अपने-अपने कार्यालय में दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में फहराया तिरंगा झंडा

मऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में इन दोनों महान विभूतियों के चित्र पर जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वहां उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें।

## आपरेशन त्रिनेत्रः 60 ग्राम पंचायतें तीसरी आंख की निगरानी में

केटी न्यूज/गाजीपुर



सोमवार को मरदह थाना परिसर में पीस कमेटी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्राधिकारी कासीमाबाद बलिराम चौधरी ने अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सभी लोगों से फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत थाना क्षेत्र की सभी 60 ग्राम पंचायतें तीसरी आंख की निगरानी में रहेंगी।शासन ने ग्राम पंचायतों की गली,नुक्कड़,बाजार,सार्वजनिक स्थानों व सरकारी भवनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।इन कैमरों को पुलिस कमांड कंट्रोल रूम से भी जोड़ने की तैयारी चल रही है।इससे जहां पुलिस को आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। वहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी में आसानी होगी। थाना क्षेत्र में लगभग 60 ग्राम पंचायतें हैं।इनमें कुछ ग्राम पंचायतों में चोरी के अधिक मामले सामने आ रहे हैं।ग्राम प्रधान व आमजन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।ऑपरेशन त्रिनेत्र की निगरानी के लिए पुलिस मुख्यालय ने एक पोर्टल भी बनाया है। जनप्रतिनिधियों से अपील किया की सीसीटीवी कैमरा ग्राम पंचायतों के प्रमुख स्थलों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालयों, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, प्रमुख मार्गों,ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार,मुख्य चौराहों,तिराहे आदि जगहों पर लगवाएं जिससे अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने में मदद मिले। मौके पर थानाध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ सिंह,उप निरीक्षक विवेक पाठक, नंदलाल मिश्रा, बृजेश्वर यादव, अवधेश कुमार राय, रविन्द्र सिंह सिरोही,प्रधान राधेश्याम सिंह यादव, राजबहादुर सिंह रिन्टु , मुन्ना चौहान, करन चौहान ,मुकेश कन्नौजिया, कमलेश यादव, सुबेदार यादव, शिवलाल यादव, पप्पू यादव, मनोज गौतम, रमायन यादव, जावेद अहमद, हरिवंश यादव, धनंजय सिंह, मोहित अंसारी, वीरेन्द्र यादव, रामसुधार यादव ,महेन्द्र राम, तेजबहादुर राजभर, चन्द्रभान सिंह,रामविजय यादव, शिवनारायण यादव,आदि मौजूद रहे।

## मनाई गई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

# राष्ट्रपिता बापू के विचार कर रहे हैं दुनिया का मार्गदर्शनः सुनील

केटी न्यूज/चंदौली



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जयंती पर स्वच्छता ही सेवा संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम जनपद न्यायधीश द्वारा दीप प्रज्वलित कर महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान जिला जज कहा कि भारत में हर साल 2 अक्टूबर का दिन गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम रोल निभाने वाले महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। सत्य और अहिंसा को लेकर बापू के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते रहे है और आगे भी करते रहेंगे।

इस दौरान अपर जनपद न्यायाधीश व विशेष पाक्सो एक्ट राजेंद्र प्रसाद, अपर जनपद न्यायाधीश विनय कुमार सिंह तृतीय, अपर जनपद न्यायाधीश तृतीय व पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अपर जनपद न्यायाधीश व विशेष एससी एसटी एक्ट अनुराग शर्मा, अपर जनपद न्यायाधीशव एफटीसी. प्रथम श्याम बाबू, सिविल जज सीनियर डिवीजन संदीप कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट कुंवर जितेन्द्र प्रताप सिंह तथा सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी द्वितीय न्यायिक सुश्री नूतन व अधिकारीगण एवं डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह तथा जनपद न्यायालय के समस्त कर्मचारी, अधिवक्तागण व मुख्यालय के पैरा लीगल स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे। संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया।

### महात्मा गांधी व शास्त्री का जन्मदिन व संगोष्ठी का आयोजन

गाजीपुर। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में जनपद न्यायायल के दसकक्षीय सभागार में प्रभारी जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में संजय कुमार यादव-प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश गाजीपुर, राकेश कुमार विशेष न्यायाधीश पाक्सो, स्वप्न आनन्द सिविल जज वरिष्ठ संवर्ग गाजीपुर एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित हुए।

### गांधी जयंती पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

गाजीपुर। क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द कुमार ने बताया कि गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर बालकों की 3000 मीटर व बालिकाओं की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 94 बालक व 20 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि सर्वदेव सिंह यादव सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी द्वारा किया गया। महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर इनके जीवनी पर चर्चा किया तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रदेश व देश स्तर पर पदक जीतकर नाम रोशन करने का आशीर्बाद दिया। जिसमें दौड़ में विजेता व पुरस्कृत खिलाड़ियों की सूची निम्नवत है।

बालक वर्ग में राहुल यादव प्रथम, बृजेष बिन्द द्वितीय एवं बृजेश यादव, तृतीय, बालिका वर्ग में आरती यादव, प्रथम, निक्की कुमारी द्वितीय एवं वर्तिका पांडेय तृतीय रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक विनोद कुमार जायसवाल एथलेटिक्स कोच, विजय एथलेटिक्स कोच खेलो इण्डिया सेन्टर रहें। इस अवसर पर बृजेष कुमार, राधेष्याम सिंह यादव, योगेन्द्र सिंह, रोशन लाल यादव, संगीता यादव एवं समस्त स्टाप उपस्थित रहें।

## सम्मानित किए गए रक्तवीर



केटी न्यूज/चंदौली

आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का समापन सोमवार को पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय स्थित रक्त कोष में रक्तदाताओं को सम्मानित करके किया गया। समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर उर्मिला सिंह ने सभी सम्मानित संगठनों के पदाधिकारी को शील्ड प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जहां अंतिम दिन जन सहयोग संस्थान द्वारा 15 यूनिट ब्लड दान किया गया। इस दौरान पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर

■ आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन हुआ 15 यूनिट रक्तदान

उर्मिला सिंह ने कहा कि आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा के तहत 115 यूनिट रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। रक्तदान एक पुनीत कार्य है। इस कार्य में छात्राएं व महिलाएं भी आगे आ रही हैं वह बधाई की पात्र है। आज रक्त कोष में जिन बच्चियों ने रक्तदान किया है उन्होंने यह संदेश दिया है कि हम भी पुरुषों से काम नहीं है हम भी रक्तदान कर सकते हैं लोगों की जान बचा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से अमरेंद्र कुमार पांडेय,को अंग वस्त्र मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### निमार्णाधीन हाईवे पर सर्विस रोड बनाने की मांग

चहनियां(चंदौली)। चंदौली से तिरगाँवा वाया सकलडीहा चहनियां निमार्णाधीन मुख्य सड़क पर आवागमन के लिए फोर लेन सड़क, डीवाइडर और नाली निर्माण होना तय है जबकि नाली के बाद बनने वाले सर्विस रोड के बारे में कोई सक्षम अधिकारी मुँह खोलने को तैयार नहीं है। जिससे व्यापारियों व सड़क किनारे बसे ग्रामीणों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने जगह जगह मुख्य बाजारों में सर्विस रोड बनवाये जाने की मांग करने लगे है। चंदौली से तिरगाँवा की बहु प्रतिक्षित व 437 करोड़ की लागत से बन रही मुख्य सड़क कच्छप गति से ही सही लेकिन बीते छ माह से बनने लगी है। मुख्य सड़क 80 फीट चौड़ाई में बन रही है। जिसके अंतर्गत नाली, डीवाइडर और आवागमन के लिए फोर लेन सड़क है। लेकिन नाली के बाद बनने वाले सर्विस रोड और विद्युत पोल गड़ाने के लिए भूमि आरक्षित न होने से व्यापारियों और सड़क किनारे मकान बनाकर रह रहे आम लोगों में उहापोह की स्थिति बन गयी है।

## वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



केटी न्यूज/गाजीपुर

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान मे प्रभारी जनपद न्यायाधीश गाजीपुर के आदेश पर वरिष्ठ नागरिकों के भरण -पोषण अधिनियम 2007 के तहत विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धजन आवास व वृद्धाश्रम, लंगड़पुर, छावनी लाइन गाजीपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव पूर्णकालिक दीपेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर ने वृद्धजन आवास व वृद्धाश्रम की पूर्णतयाः जानकारी ली तथा परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छ पानी व मीनू के अनुसार भोजन एवं कपडे. तथा समुचित प्रबंध के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। प्रबंधक द्वारा 24 घंटे आश्रम में ही रहकर वृद्धजन आवास व वृद्धाश्रम का सेवा दे रही है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वृद्धाश्रम को संचालित करने के लिए कर्मचारीगण कार्यरत है। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते हैं। वृद्धाश्रम को देख-रेख के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं विश्राम के लिए पंखा, कुर्सी, टेबल, चौकी आदि की उचित व्यवस्था पाई गई।

## जखनियां ब्लॉक सभागार में आयोजित संगोष्ठी में पत्रकार संगठन ने रखा ज्वलंत मुद्दा

# लोकतंत्र की बुलंद आवाज हैं पत्रकारः प्रमोद

केटी न्यूज/गाजीपुर



जनपद के जखनियां ब्लॉक सभागार में पत्रकार संगठन जखनियां द्वारा आज महात्मा गांधी के 154वें जन्म दिवस पर आयोजित पत्रकार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा पत्रकार समाज का दर्पण होता है। पत्रकारिता लोकतंत्र का अभिभाज्य अंग है। प्रतिपल परिवर्तित होने वाले जीवन और जगत का दर्शन पत्रकारिता द्वारा ही संभव है। कोई भी लोकतंत्र तभी सशक्त है जब तक पत्रकारिता सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी सार्थक भूमिका निभाते रहेगी।

वर्मा ने पत्रकारों का हौसला बढ़ाते हुवे कहा ₹हथियार और औजार अपने पास ही रखें जनाब, आप तो वह जमात हैं जो खंजर से नहीं कलम से वार करते हैं। वर्मा ने आगे कहा पत्रकारों ने देश का हित हमेशा सर्वोपरि रखा, देश पर मुगल काल, अंग्रेज काल, कई तानाशाही शासनों द्वारा पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया गया पर उनकी कलम की आवाज कभी नहीं दबी और रुकी। वर्मा दो लाइने पढ़ते हुवे अपनी बात को समाप्त किया की ₹कमल के बूते में लिखता हूं कमल चलते ही मैं जीता हूं, धमकियां को रखकर किनारे, बेबाक पत्रिका करता हूं, आवाजहीन की आवाज हूं, लोकतंत्र का मैं साज हूं, मैं चलता फिरता समाचार हूं, हां मैं एक पत्रकार हूं। प्रधान प्रतिनिधि सवानंद उर्फ झुन्ना सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ पत्रकार का देश और समाज में जरूरत है।ऐसे कलमकार का हर जगह सम्मान होना चाहिए।मुगलों से लेकर अंग्रेजो को देश से खदेड़ने में सूचनाओं को जन जन तक पहुंचना पत्रकारों ने अहम रोल निभाई है।स्वच्छ पत्रकारों को सदैव हर लोगो को सम्मान करना चाहिए।इस मौके पर आयोजक रमेश प्रसाद सोनी ने आए हुए मुख्य अतिथियों को बुके और जखनिया सम्मान मेडल से सम्मानित किया।

### पत्रकारिता सूरज के समान : उमाशंकर

भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा पत्रकारिता सूरज के समान होती है जो गलत को जलाकर भस्म कर देती है और सही को उजागर करती है। गुलामी काल में पत्रकारिता को जिंदा रखने के लिए आक्रांताओं के खिलाफ आवाज बुलंद की अपने पत्रकारिता के दम पर आजादी के आवाज को जन-जन तक पहुंचाया। जखनिया सर्वदलीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनारायण सिंह ने कहा की पत्रकारों का समाज में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। पत्रकार जान जोखिम में डाल खबरों को परोसता है तभी हर लोगो को सूचना मिलती है।

### अहिंसा दिवस के रूप में मनायी गयी बापू की जयंती

गाजीपुर। दो अक्टूबर को देशभर में राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। इसी क्रम में गाजीपुर के पीजी कॉलेज में भी आज कुशलपाल श्रोतशाला में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण के उपरांत पुष्पार्चन के माध्यम से नमन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी का सिखाया अहिंसा का सबक ऐसा है, जिससे स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से आजादी हासिल करने के लिए इस्तेमाल किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उनके अहिंसा की नीति को सराहा गया।

## एक नजर

### राज्यसभा सांसद ने गलियों में लगाया झाड़ू



चंदौली। महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार को राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ग्राम सभा सिरसी में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।वहीं सेवा बस्ती में स्वच्छता अभियान को गति देते हुए गलियों में साफ सफाई की। इस दौरान दर्शनि सिंह कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर हम लोग यह संकल्प ले कि थोड़ा-थोड़ा समय स्वच्छता को भी देंगे। स्वच्छता से एक अच्छी समाज का निर्माण भी होता है इस दौरान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह,शिवराज सिंह, संजय सिंह बबलू,दिलीप सोनकर, ओमप्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान रिंटू सिंह, रवि शर्मा उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए लोगों को संकल्प के साथ आगे आने की जरूरत



चंदौली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को अभिषेक फामेर्सी कालेज छात्र, छात्राएं एवं अध्यापकों ने मिलकर स्वच्छ भारत अभियान के तहत का कार्य किया। जहां सभी ने गैर सरकरी एवं सरकारी स्थानों पर जाकर स्वच्छ भारत अभियान को बढावा देते हुए स्वच्छ रखने के लिए संकल्प लिया।इस दौरान संस्था के चेयरमैन डॉक्टर संजय कुमार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के सपनों को साकार करते हुए अपने आस-पास के लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट प्रदान करें। भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता से आसपास बीमारी नहीं आएगी।इस दौरान अभिषेक फामेर्सी कालेज के प्रधानायार्च अजीत कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर आलोक कुमार पाल, अमित कुमार, ज्ञान प्रकाश, जावेद अख्तर, सुनीति द्विवेदी उपस्थित रहे।

### पीएम का स्वच्छता संदेश बना जन आंदोलन



गाजीपुर। मरदह क्षेत्र के पौराणिक सिद्धपीठ महाहर धाम शिव मंदिर परिसर में ब्लाक प्रमुख सीता सिंह ने पहुंचकर परिसर एवं चबुतरे की धुलाई, पोछाई कर प्रांगण में पड़े कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया।उन्होंने ने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया स्वच्छता संदेश आज जनांदोलन बन चुका है।और व्यक्ति के अंदर स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत हुई है।स्वच्छता अभियान के आज विशेष अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जन-जन में फैली भावना देश के विकास और समृद्धि को नया आयाम दिया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्य व्यवहार से देश वासियों के मन और हदय मे जो स्थान बनाया है वह भारतीय राजनीति तथा देश के समृद्धी का मूल विश्वास भरा आधार है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह मंटू,मनोज चौबे,कन्हैया राजभर,रामबचन सिंह,विरेंद्र सिंह,शिवजी सिंह,नरेंद्र सिंह,रामाकांत सिंह, सुनील सिंह,धनंजय सिंह,उदयभान चौबे,विजयशंकर पाण्डेय,वंशबहादुर सिंह,कृष्णा कुमार, राजेश सिंह पप्पू, इन्द्रासन सिंह पूर्व प्रधान,श्याम बिहारी यादव,शशीधर सिंह, हरेन्द्र सिंह,भास्कर सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार कर रही है लाल बहादुर शास्त्री के साथ सौतेला व्यवहार-कायस्थ महासभा



गाजीपुर। दो अक्टूबर को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शास्त्री नगर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं दीपदान कार्यक्रम के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी कार्यकताओं ने प्रतिमा स्थल पर दीप जलाया और फिर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शास्त्री जी के साथ सौतेलापूर्ण व्यवहार एवं उनकी उपेक्षा किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार द्वारा गांधी जयंती पर जारी शासनादेश का जिक्र करते हुए योगी सरकार के रवैए पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि कायस्थ समाज शास्त्री जी का अपमान कत्तई नहीं बर्दाशत करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को गांधी जी की जयंती के साथ साथ सभी विभागों को शास्त्री जी की भी जयंती मनाने का आदेश देना चाहिए था लेकिन केवल गांधी जी की जयंती मनाने का आदेश भाजपा सरकार का शास्त्री जी की प्रति सौतेलपन की मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इस रवैए से पूरा का पूरा कायस्थ समाज मर्माहत है। शास्त्री जी की उपेक्षा और उनके अपमान की कीमत भाजपा को चुकानी पड़ेगी।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

गाजीपुर। मरदह क्षेत्र के सीपीआई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरिकरनपुर बिजौरा में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन। तीन दिन में विद्यालय के स्काउट प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्र सेवा,रस्सी गांठ बांधना सेवा,आपदा प्रबंधन,राष्ट्र के संकट काल व आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तौर तरीके सिखाएं गये।शिविर के मुख्य अतिथि व विद्यालय समाजसेवी राजेंद्र यादव,राजू यादव व प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से कैंप का निरीक्षण कर किया।तथा प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी के बारे में पूछा।स्काउट गाइड के प्रतिभागी बच्चों ने टेंट बनाना,घायलों को बिना स्ट्रेचर के उपचार के लिए ले जाना,ध्वज शिष्टाचार व मार्च पास्ट की ट्रेनिंग आदि गतिविधियों को आये हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया।